बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council,
Shiksha Bhawan, Rashtra Bhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna - 800 004

पत्रांकः–Acctts/217/2014-15/ 1590 दिनांकः–01/03/2021

सेवा में,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
बिहार शिक्षा परियोजना,
सभी जिला।

विषयः– **जिला स्तरीय कार्यालय के अन्तर्गत नियुक्त कर्मियों के E.P.F. की कटौती राशि को जमा करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि कार्यालय आदेश पत्रांक 515 (लेखा) दिनांक 16.01.2010 द्वारा राज्य स्तरीय कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालय में प्रबंधन संरचना के अंतर्गत संविदा पर नियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों को भविष्य निधि योजना का सदस्य बनाकर इस योजना का लाभ देने हेतु निदेश दिया गया था। इस निदेश के आलोक में राज्य स्तरीय कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालय में प्रबंधन संरचना के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत् पदाधिकारियों/कर्मियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

कार्यालय पत्रांक K.G.B.V./75/2008-09/598 दिनांक 21.01.2019 एवं कार्यालय पत्रांक IE/27/2010-11/Part-II/8842 दिनांक 16.10.2019 द्वारा जिले के कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में कार्यरत् टाईप–I एवं टाईप–III में विहित प्रक्रिया से नियोजित कर्मियों को एवं समावेशी शिक्षा अंतर्गत कार्यरत् संसाधन शिक्षक, प्रखंड साधन सेवी (समावेशी शिक्षा) एवं पुनर्वास विशेषज्ञों को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा दिये जाने का निदेश निर्गत है और इस आलोक में कार्यालय पत्रांक Acctts/74/2012-13/Part-VII/9652 दिनांक 21.11.2019 द्वारा जिला कार्यालय को E.P.F.O. में Establishment Code बिहार शिक्षा परियोजना **जिला का नाम** अंकित करते हुए पंजीकृत कराने हेतु निदेश दिया गया था।

उक्त निदेश के आलोक में जिला कार्यालय द्वारा कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय में कार्यरत् टाईप–I एवं टाईप–III में विहित प्रक्रिया से नियोजित कर्मियों को एवं समावेशी शिक्षा अंतर्गत कार्यरत् संसाधन शिक्षक, प्रखंड साधन सेवी (समावेशी शिक्षा) एवं पुनर्वास विशेषज्ञों के वेतन से EPF राशि की कटौती कर E.P.F.O. को Online जमा किया जा रहा है।

जिला कार्यालय के प्रबंधकीय संरचना के अंतर्गत कार्यरत् कर्मियों के नियोक्ता जिला कार्यालय ही होते है और जिला को अब वर्तमान में E.P.F.O. से Establishment Code प्राप्त है।

अतः उपर्युक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि जिले में प्रबंधकीय संरचना अंतर्गत कार्यरत् सभी कर्मियों को जिले के Establishment Code के अंतर्गत पंजीकृत करते हुए माह अप्रैल, 2021 से E.P.F. राशि की कटौती कर E.P.F.O. में जिला स्तर से ही जमा करना सुनिश्चित करेगें। राज्य स्तरीय कार्यालय के द्वारा नियुक्त जिलों में कार्यरत् पदाधिकारियों/कर्मियों का ECR पूर्व की भॉति राज्य कार्यालय को ससमय उपलब्ध कराते रहेंगे।

विश्वासभाजन

(संजय सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक :– Acctts/217/2014-15/ 1590 दिनांक :– 01/03/2021

प्रतिलिपि :– प्रशासी पदाधिकारी, B.E.P.C., Patna एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिले को सूचनार्थ प्रेषित।

राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

☎:0612-2667164/2667168, Fax: 0612-2667190, Email:ssabihar@gmail.com, Website www.bepcssa.in